तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 29 जून 2026

12 बूथ स्तर पर मजबूत होगा संगठन, घर-घर पहुंचेगी...



12 ओलम्पिक खेल क्याकिंग-कैनोइंग का प्रशिक्षण ले ...





2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.c. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

## किसान यूनियन की बैठक में कृषकों की समस्याओं पर चर्चा

# जल, जंगल, जमीन को बचाने करेंगे संघर्ष : क्रांति

*भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के पदाधिकारियों एवं कार्यकतार्ओं की बैठक लोहंडीगुड़ा के गढ़िया में की गई। बैठक में संगठन की मजबूती, किसानों की समस्याओं, पर्यावरण संकट तथा कृषि से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बैठक में प्रदेश प्रभारी प्रवीण क्रांति, महासचिव तेजराम विद्रोही तथा बीजापुर जिलाध्यक्ष साम्बय्या धंनूर उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता सोमारू ठाकुर ने की। प्रभारी ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकारें कॉर्पोरेट घरानों के साथ मिलकर जल, जंगल, जमीन और प्राकृतिक संसाधनों के दोहन को बढ़ावा दे रही हैं। किसानों, मजदूरों और जनता को एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। उन्होंने कहा कि पर्यावरण का विनाश किया जा रहा है, जिससे प्रकृति का संतुलन बिगड़ रहा है और जलवायु परिवर्तन का दुष्प्रभाव किसानों पर पड़ रहा है। वर्षा आधारित खेती वाले सुकमा जैसे जिले आज सूखे की स्थिति का सामना कर रहे हैं जो पर्यावरणीय असंतुलन का गंभीर परिणाम है। महासचिव ने कहा कि यूनियन देशव्यापी आंदोलन चलाने से पीछे नहीं हटेगी। उर्वरक संकट पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि खाद की कृत्रिम किल्लत पैदा की जा रही है। थोक उर्वरक विक्रेताओं द्वारा बड़े पैमाने पर कालाबाजारी को बढ़ावा दिया जा रहा है। किसानों को आवश्यकता से कम उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे खेती करना कठिन होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों में उर्वरकों का अभाव है, जबकि निजी थोक विक्रेताओं के गोदाम भरे पड़े हैं। ऐसे मामलों में प्रशासन को जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। संभागीय अध्यक्ष शिवा स्वर्णकार बस्तर जिला से रमेश गोयल, ग्रामीण जिला अध्यक्ष जगदू राम कश्यप, जिला उपाध्यक्ष अनिल सिंह धीरेन्द्र ठाकुर मान सिंह बलिराम पुजारी जयंत राम साहू सोनू राम कश्यप शुभम सिंग उपस्थित रहे।



### किसान संगठन का विस्तार करेंगे

*धंनूर ने कहा कि सरकार की जनविरोधी नीतियों और किसानों की समस्याओं का मुकाबला करने के लिए संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करना होगा। प्राकृतिक संकटों से निपटने के लिए प्रकृति और मानव के बीच सहअस्तित्व के संबंध को मजबूत करना समय की आवश्यकता है तथा प्रत्येक गांव में किसान संगठन का विस्तार किया जाएगा।*

### भूमि का मालिकाना हक मिले

*पदाधिकारियों एवं कार्यकतार्ओं ने किसानों के अधिकारों, वर्षों से काबिज भूमि का मालिकाना पट्टा देने, वनोपज पर आश्रित किसानों को लाभ प्रदान करने परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने, पर्यावरण संरक्षण और कृषि संकट के समाधान, तुंगल जलाशय से सिंचाई के पानी के लिए ट जनजागरण अभियान चलाने तथा आवश्यकता पड़ने पर आंदोलन तेज करने का संकल्प लिया।*

## खबर संक्षेप

### सरपंच ने बच्चों को पिलाई पोलियो की दवा



**जगदलपुर।** लोहंडीगुड़ा ब्लाक के ग्राम गढ़िया के आंगनबाड़ी केंद्र में पोलियो अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। सरपंच भरत कश्यप ने कहा कि हम स्वस्थ नई पीढ़ी के साथ स्वस्थ समाज और स्वस्थ राष्ट्र गढ़ सकते हैं। उन्होंने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई।

### विधायक और जनपद अध्यक्ष ने पिलाई पोलियो की खुराक





**जगदलपुर।** चित्रकोट विधायक विनायक गोयल ने अपने गृह ग्राम धरमाऊर में और तोकापाल जनपद अध्यक्ष रामबती भण्डारी ने दुगनपाल में पिलाई बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाई।

## प्रमुख जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक प्रमुखों ने खुद संभाली कमान

# पल्स पोलियो अभियान: पहले ही दिन 85 फीसदी बच्चों को मिली 'दो बूंद जिंदगी की'

*जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बस्तर जिले को पोलियो मुक्त बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान का शानदार आगाज हो चुका है। इस महाअभियान के पहले ही दिन जिले के सजग नागरिकों ने भारी उत्साह दिखाया, जिसके चलते बस्तर के 85 फीसदी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जा चुकी है। अभियान की सफलता और जन-जागरूकता को गति देने के लिए क्षेत्र के प्रमुख जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक प्रमुखों ने खुद कमान संभाली।*

### 1932 टीकाकरण कर्मी व 97 सुपरवाइजर किए गए तैनात





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

इसी कड़ी में कलेक्टर आकाश छिकारा और महापौर संजय पाण्डे ने महारानी अस्पताल में बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर इस मुहिम की शुरूआत की। वहीं विधायक चित्रकोट विनायक गोयल ने गृह ग्राम धरमाउर में नन्हे बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई। साथ ही क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने भी अपने इलाके में बच्चों को अपने हाथों से दो बूंद जिंदगी की पिलाकर इस पुनीत कार्य की शुरूआत की। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सी. मैत्री ने बताया कि बस्तर जिले का पोलियो उन्मूलन में उल्लेखनीय उपलब्धि रहा है, जहां वर्ष 1996 से अब तक पोलियों का एक भी मामला सामने नहीं आया है।

इसके साथ ही, छत्तीसगढ़ राज्य में वर्ष 2002 से और संपूर्ण भारतवर्ष में वर्ष 2011 से पोलियो का कोई भी पॉजिटिव प्रकरण दर्ज नहीं हुआ है और इस गौरवशाली निरंतरता को बनाए रखना ही इस अभियान का मुख्य ध्येय है। प्रशासन ने शहरी और संवेदनशील क्षेत्रों के लिए विशेष रणनीति तैयार की है, जिसके तहत जगदलपुर शहरी क्षेत्र में 72 बूथ स्थापित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त बाजार, मेले, मड़ई, उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों, ईंट भट्ठा, भवन निर्माण स्थलों, घुमंतू बस्तियों, बस स्टैंड तथा रेलवे स्टेशनों पर आने-जाने वाले बच्चों के लिए 20 मोबाइल और 24 ट्रांजिस्ट टीमों के साथ 1932 टीकाकरण कर्मी और 97 सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं, ताकि शंखनाद के इस पहले दिन की सफलता को अंतिम छोर तक पहुंचाया जा सके।

### स्वास्थ्य कर्मी घर-घर पहुंचेंगे आज

*मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक ने बताया कि बस्तर जिले में इस बार 0 से 5 वर्ष की आयु वर्ग के एक लाख 20 हजार 804 बच्चों को जीवन रक्षक पोलियो की दवा पिलाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सुरक्षा के इस महाअभियान के तहत पहले दिन सभी निर्धारित बूथों पर दवा पिलाई गई, जिसके बाद आगामी 29 और 30 जून को स्वास्थ्य कर्मियों की टीमें घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को कवर करेंगी ताकि कोई भी बच्चा सुरक्षा चक्र से बाहर न छूटे।*

## बस्तर संभाग में मौसम का यलो अलर्ट जारी

**भारी बारिश और वज्रपात की चेतावनी**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून की सक्रियता के चलते मौसम का मिजाज तेजी से बदल गया है। मौसम विभाग ने अगले 2-3 दिनों में मॉनसून के पूरे प्रदेश में आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल बताई हैं। इसी के साथ जगदलपुर और पूरे बस्तर संभाग के लिए भारी बारिश और तीव्र वज्रपात का अलर्ट जारी किया गया है। 29 जून से अगले 4 दिनों तक पूरे प्रदेश में वर्षा की गतिविधियों में भारी बढ़ोतरी होने की संभावना है।

बस्तर संभाग के नारायणपुर जिले के कोहकामेटा में सर्वाधिक 7 सेमी बारिश रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा कोंटा में 6 सेमी, खड़गांव में 5 सेमी, तथा करपावंड और फरसगांव में 4-4 सेमी वर्षा दर्ज हुई। वहीं नारायणपुर, कटेकल्याण, औंधी, मुंगेली और बकावंड में 3-3 सेमी पानी बरसा।

### खराब मौसम में बरतें सावधानी

*संभावित अतिवृष्टि और आकाशीय बिजली की चेतावनी को देखते हुए बस्तर जिला प्रशासन ने मैदानी अमले और ग्रामीणों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। खेतों में काम कर रहे किसानों और आम नागरिकों से अपील की गई है कि वज्रपात की स्थिति में वे पेड़ों, बिजली के खंभों या कच्चे मकानों के नीचे खड़े होने से बचें और सुरक्षित पक्के ठिकानों पर शरण लें।*

## प्याज के बढ़े दाम ने बिगाड़ा हर घर की रसोई का बजट

*प्याज 40 रुपए किलो में बिक रही, गृहणियों को रुला रही*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

प्याज के बढ़ते दाम ने रसोई का स्वाद बिगाड़ दिया है। चार दिनों में ही प्याज की कीमत दोगुनी हो गई है और खराब मौसम के चलते प्याज के दाम कम होने की संभावना भी कम ही नजर आ रही है। घरों की रसोई में बढ़ रहे प्याज के दामों ने रसोई का जायका बिगाड़ दिया है और आम आदमी की रसोई से प्याज गायब हो गया है, प्याज खून के आंसू रुला रहा है। प्याज 40 रुपये किलो के भाव से मिल रहा है। बताया जा रहा है कि प्याज के भाव घटने की बजाय बढ़ेंगे। प्याज के बिना रसोई से जायके की उम्मीद ही नहीं की जा सकती, जिस तरह प्याज के दाम बढ़

▶▶| शेष पेज 10 पर



### बोड़ा 200 रुपए सोली

*रविवार को बाजार में आमागांव से पहुंचा बोड़ा 200 रूपए सोली बिक रहा है। साथ ही बाजार में टमाटर 25, परवल 60, करेला 60, पत्तागोभी 40, फूलगोभी 80, बरबट्टी 40, भट्टा 50, कुंदरू 40, आलू 20, प्याज 40, गंवरफल्ली 30, सेम 60, खेक्सी 100, पालकभाजी 80 एवं धनियापत्ती 200 रुपए प्रतिकिलो की दर में बिक रहा है।*

## सादगी और सहजता के साथ उपलब्ध रहे आईजी सुंदरराज

**जगदलपुर।** आई.जी. पी. सुन्दरराज बस्तर में लम्बे समय से अपनी सेवाऐं देने के पश्चात पदउन्नति से केन्द्र मे एनआईसी दिल्ली में अपनी सेवाएं देगें। बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज ने निवृतमान आई.जी. के सम्मान में 27 जून को चेम्बर भवन में उनका अभिनंदन किया। वे सरल स्वाभाव मिलनसार व्यक्ति के धनी बस्तरवासियों के लिये हमेशा सादगी और सहजता के साथ उपलब्ध रहे। उनकी कार्यशैली से पुलिस ने अपनी अलग पहचान बनाई। बस्तर संभाग से नक्सल उन्मूलन में प्रमुख भूमिका निभाने का कार्य किया।

▶▶| शेष पेज 10 पर



बचेका ने सम्मान कर उनकी कार्यशैली को सराहा

## ट्रक खराब होने के कारण 4 दिन से कोपागुड़ा मार्ग पर आवागमन बंद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कोपागुड़ा के रेलवे अंडरपास में ट्रक खराब होने के चलते मार्ग प्रभावित है, जिससे कोपागुड़ा संग्रहण केन्द्र से धान परिवहन करने वाले ट्रक लोडकर रेलवे अंडरपास के पास रखा है। बताया जा रहा है कि कोपागुड़ा में कृषि उपज मंडी एवं धान का संग्रहण केन्द्र होने के मार्ग का आवागमन बंद हो गया है।

### दलपत सागर मामले में मेयर का कथन झूठा : चौधरी



*नगर पालिक निगम के नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि महापौर दलपत सागर को लेकर जो बयान दे रहे हैं उसमें उनकी नीति स्पष्ट नहीं है। उन्होंने बताया कि दलपत सागर सफाई में नगर निगम का एक भी पैसा नहीं लगा है परंतु यह बात हजम नहीं हो रही है। क्योंकि हमें मालूम है कि दलपत सागर सफाई अभियान के दौरान वाहन नगर निगम की है। जिसमें ऑयल, डीजल, पेट्रोल, वाहन चालक का खर्च नगर निगम वहन किया गया। उन्होंने कहा स्थानीय मैकेनिक से एक नया मशीन तैयार किया मेकेनिक ने यह बताया की वह नौका नुमा मशीन उन्होंने पहले से बना कर रखा था और बाद में उसमें एक जाली लगाया गया जो जलकुंभी को धकेल कर किनारे लाने का काम कर रही है। आज वह मैकेनिक मशीन की कीमत के लिए क्यों भटक रहा है। उसका भुगतान क्यों नहीं किया गया और 1 वर्ष से ज्यादा हो गए हैं।*

### नगरनार में नालियों की हुई साफ- सफाई

*नगरनार। नगरनार की सरपंच कांतो बघेल के नेतृत्व में गांव में नालियों की सफाई के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान पंचायत द्वारा विभिन्न वार्डों की नालियों की सफाई कराई जा रही है जिससे जल निकासी बेहतर हो सके और गंदगी से होने वाली बीमारियों की रोकथाम हो। पंच रैनू बघेल ने राम मंदिर मोहल्ले की नाली सफाई कार्य का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से अपील की कि वे नालियों में कचरा न डालें तथा गांव को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें। उन्होंने बताया कि स्वच्छता बनाए रखने के लिए नियमित नालियों की सफाई अभियान चलाए जाएंगे।*

## नक्सल प्रभावित व दुर्गम इलाकों में बीएसएनएल के नए टावर लगने से ग्रामीणों को भारी राहत मिली

# दुर्गम इलाकों में लगा मोबाइल टावर, बेहतर इंटरनेट कनेक्टिविटी के साथ दिख रहा विकास

*इंटरनेट की सेवा मिलने से तेजी से हल हो रही आम लोगों की मुश्किलें*

### इंटरनेट होने से डिजिटल सेवाओं में हुई बढ़ोतरी



*ग्रामीणों ने बताया कि इन समय में इंटरनेट नेटवर्क बहुत महत्वपूर्ण है। यह डिजिटलीकरण में मदद करता है, अब सभी सरकारी योजनाएं ऑनलाइन मोड के माध्यम से लागू की जाती हैं। इसलिए अगर वहां इंटरनेट कनेक्टिविटी है, तो हम योजनाओं के लिए सुविधाएं प्रदान करने में सक्षम होंगे। स्थानीय स्कूलों, राशन दुकानों, फसल खरीद केंद्रों में हम तत्काल कनेक्टिविटी प्रदान करने में सक्षम हैं।*

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नक्सल प्रभावित और दुर्गम इलाकों बीजापुर जिले के बोधघाट और सुकमा जिले के सिंगनपाड़ में बीएसएनएल के नए टावर लगने से ग्रामीणों को भारी राहत मिली है। इससे दशकों से संचार सुविधा से वंचित इन क्षेत्रों के निवासियों को मुख्य धारा से जुड़ने, आपातकालीन सेवाओं और डिजिटल लेन-देन का लाभ मिलना शुरू हो गया है। दूरदराज के क्षेत्रों में नेटवर्क न होने के कारण ग्रामीणों को मीलों पैदल चलना पड़ता था, जो अब खत्म हो गया है। डिजिटल इंडिया पहल के माध्यम से स्थानीय लोगों के लिए छात्रवृत्ति, राशन और पेंशन संबंधी कार्यों को करना सुलभ हो गया है। चिकित्सा आपातकाल या सुरक्षा संबंधी सहायता के लिए तत्काल संवाद संभव हो सका है, जिससे सुरक्षाबलों और आम नागरिकों दोनों की सुरक्षा में सुधार हुआ है। इन गांवों के छात्रों की ऑनलाइन शिक्षा बाधित नहीं होगी और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर खुलेंगे।



### कनेक्टिविटी का गवाह बने गांव

बीजापुर एवं सुकमा जिले के दूरस्थ क्षेत्र, जो वर्षों से नक्सल प्रभावित होने के लिए जाने जाते थे, अब राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन के प्रयासों से विकास देख रहे हैं। बोधघाट और सिंगनपाड़ गांव जो वर्षों से मोबाइल कनेक्टिविटी से वंचित था, अब मोबाइल और इंटरनेट कनेक्टिविटी का गवाह बन रहा है।

### ग्रामीणों की सुविधा के लिए लगा रहे टॉवर

बीएसएनएल के संभागीय अधिकारी प्रधान महाप्रबंधक शरतचन्द्र तिवारी ने बताया कि 4 जी सेचुरेशन परियोजना के तहत दो गांव में 4 जी मोबाइल सेवाएं शुरू की गई है, जिससे आसपास के सभी ग्रामीवासियों को अब मोबाइल से जुड़ रहे हैं। बीएसएनएल की ओर से गांव-गांव में टॉवर लगाया जा रहा है।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KANKER
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
गढ़ पिछवाड़ी रोड, कांकेर, (छ.ग.)
89595-93930 • 89595-44444

# मॉनिटरिंग सेल एवं हिट एंड रन मामलों की बैठक में पीड़ितों को मुआवजा दिलाने पर जोर

*प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव के अध्यक्ष खिलावन राम रिगरी की अध्यक्षता में नारायणपुर स्थित विश्राम गृह में मॉनिटरिंग सेल एवं हिट एंड रन मामलों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

न्यायालय भवन और दिव्यांग सुविधाओं को लेकर भी समीक्षा की गई। मॉनिटरिंग सेल की बैठक में नवीन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय भवन के निर्माण, न्यायालय परिसर में पीड़ित सहायता कक्ष विक्टिम रूम की स्थापना तथा दिव्यांगजनों के लिए प्रसाधन कक्ष सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं के विकास संबंधी विषयों की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने इन कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाने पर चर्चा की। इसके अलावा बैठक में हिट एंड रन मामलों में शीघ्र मुआवजा दिलाने पर जोर दिया गया। बैठक में हिट एंड रन अज्ञात वाहन दुर्घटना से जुड़े मामलों की भी समीक्षा की गई। सड़क दुर्घटनाओं में मृतकों एवं गंभीर रूप से घायल पीड़ितों को समय पर क्षतिपूर्ति क्लेम कम्पनसेशन उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि दुर्घटनाओं से संबंधित आवश्यक दस्तावेज पुलिस एवं परिवहन विभाग के समन्वय से शीघ्र तैयार कर अनुविभागीय दंडाधिकारी एसडीएम के समक्ष प्रस्तुत किए जाएं, ताकि पात्र पीड़ितों को समयबद्ध मुआवजा मिल सके। बैठक में अपर जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश नारायणपुर जितेंद्र कुमार ठाकुर, पुलिस अधीक्षक रॉबिसन गुड़िया, अपर कलेक्टर बीरेन्द्र बहादुर पंचभाई, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती गायत्री साय सहित नारायणपुर जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोंडागांव की अध्यक्षता में हुई**

*न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर भी की चर्चा*



## बांसकोट जानलेवा हमला मामलाः नौ दिन बाद चार गिरफ्तार



**कोण्डागांव।** विश्रामपुरी थाना क्षेत्र के ग्राम बांसकोट में 16 जून को पिता–पुत्र पर हुए कथित जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने घटना के नौ दिन बाद चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं पीड़ित पक्ष का आरोप है कि मामले का मुख्य आरोपी, सहायक आरक्षक लाला शंकर शार्दुल, पूरे घटनाक्रम का मास्टरमाइंड है। उनका यह भी दावा है कि एक आरोपी अशोक शार्दुल अब भी पुलिस गिरफ्त से बाहर है।

पीड़ित पक्ष के अनुसार विवाद की शुरुआत गायत्री मंदिर परिसर से लगी शासकीय भूमि पर कथित अवैध निर्माण को रोकने के प्रयास के बाद हुई। आरोप है कि इसी बात से नाराज होकर लाला शंकर शार्दुल, अशोक शार्दुल, लोकेश शार्दुल, सरस्वती शार्दुल और संतू शार्दुल ने गांव के उपसरपंच एवं गायत्री मंदिर के मुख्य ट्रस्टी राजेश साहू तथा उनके पुत्र शुभम साहू पर लाठी–डंडों से हमला कर दिया। बताया गया कि हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर लोगों के पहुंचने पर आरोपी वहां से फरार हो गए। घायल पिता–पुत्र को डायल–112 की सहायता से पहले विश्रामपुरी स्वास्थ्य केंद्र और बाद में जिला अस्पताल कोंडागांव में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार किया गया। पीड़ित परिवार, गायत्री परिवार और साहू समाज का आरोप है कि प्रारंभिक स्तर पर पुलिस ने मामले में अपेक्षित गंभीर धाराएं नहीं लगाईं, जिससे आरोपी खुलेआम घूमते रहे। उनका कहना है कि पुलिस अधीक्षक से शिकायत करने के बाद ही मामले में आगे की कार्रवाई हुई।

### आईजी से निष्पक्ष जांच की मांग

पीड़ित पक्ष ने बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक को लिखित आवेदन देकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने, सभी आरोपियों के विरुद्ध कठोर धाराओं में कार्रवाई करने तथा शेष आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला चर्चा में आ गया। वीडियो में घायल पुत्र अपने खून से लथपथ पिता को संभालने का प्रयास करता दिखाई देता है। इस वीडियो के सामने आने के बाद मामले को लेकर जनचर्चा और तेज हो गई।

## खबर संक्षेप

### संकुल शाला प्रवेशोत्सव में बच्चों का किया स्वागत

**दुर्गुकोंदल।** संकुल केंद्र आमाकड़ा अंतर्गत शासकीय माशा राउरवाही में शनिवार को संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। अतिथियों ने नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर एवं कॉपी-किताब भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। प्राचार्य संकुल प्राचार्य राजेंद्र कुमार आवड़े ने नियमित विद्यालय आने को सफलता की पहली सीढ़ी बताया। सरपंच बलराम टेपरिया ने बच्चों को बड़े लक्ष्य निर्धारित कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने की प्रेरणा दी। जनपद सदस्य पीलम नरेटी ने कहा कि शिक्षा ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। कार्यक्रम में चंद्रिका नेताम, शिक्षक, एसएमसी सदस्य, पालक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### मोटरसायकिल पेड़ से टकराई, युवक की मौत

**कांकेर।** उदनपुर ग्राम के पास शुक्रवार शाम एक भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। इस दर्दनाक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। मृतक की पहचान ग्राम जामड़ी निवासी फागूराम उसेंडी पिता लच्छन राम उसेंडी के रूप में हुई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार परतापुर थाना में शिकायत में बताया गया कि मृतक फागूराम उसेंडी 26 जून शुक्रवार को शाम लगभग 5 बजे अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीएस 1091 से कोयलीबेड़ा बाजार गया था। बाजार में आवश्यक कार्य निपटाने के बाद वह अपने गांव जामड़ी लौट रहा था।

### विधायक के जन्मदिन पर मरीजों को बांटे फल

**कोर्रा(भखारा)।** कुरूद विधायक अजय चंद्राकर के जन्मदिन के अवसर पर ग्राम कोर्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों द्वारा विभिन्न सेवा एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कोर्रा स्थित अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों को फल एवं बिस्किट का वितरण कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई। प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को खीर खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया गया। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने विधायक की दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष भीम साहू, प्रभारी सरपंच चोवाराम साहू एवं गुलाब साहू उपस्थित थे।

## जिले में 30,966 बच्चों के टीकाकरण का रखा गया लक्ष्य

# विधायक लता ने पोलियो अभियान का किया शुभारंभ, बच्चों को पिलाई 'दो बूंद जिंदगी की'

*राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को जिले में व्यापक स्तर पर टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया। बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी ने विकासखंड कोंडागांव के ग्राम पंचायत फरसगांव डोंगरीगुड़ा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चिपावंड पहुंचकर पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियोरोधी दवा की दो बूंद पिलाकर अभियान की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को गणवेश भी वितरित किए।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक लता उसेंडी ने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर एवं दिव्यांगता का कारण बनने वाली बीमारी से बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रत्येक अभिभावक का दायित्व है कि वे जन्म से पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को समय पर पोलियो की खुराक अवश्य दिलाएं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ बचपन ही विकसित समाज और सशक्त राष्ट्र की मजबूत नींव है।

विधायक श्री उसेंडी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों, मितानिनों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से अभियान को पूरी गंभीरता से संचालित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि घर–घर पहुंचकर जनजागरूकता फैलाएं, ताकि जिले का कोई भी बच्चा पोलियोरोधी दवा से वंचित न रहे। इस अवसर पर विधायक ने आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों के बेहतर पोषण, स्वास्थ्य और शिक्षा के लिए संचालित शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत विकासखंड कोंडागांव में 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 30,966 बच्चों को पोलियोरोधी दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए बूथों एवं विशेष टीमों के माध्यम से अभियान चलाया जा रहा है, ताकि प्रत्येक पात्र बच्चे तक पोलियो की दवा पहुंचाई जा सके। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य नंदलाल राठौर, सरपंच सूरज नेताम, दीपेश अरोरा, चंदन साहू, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. चतुर्वेदी, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरेंद्र बघेल, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. प्रतीक चौधरी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी आशुतोष मिश्रा, बीईटीओ सुनीता सरकार, बीपीएम नीरज सोरी, सेक्टर सुपरवाइजर हरीश जायसवाल, देवकी देवांगन सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी–कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, जनप्रतिनिधि, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

*आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को किया गणवेश का वितरण*



### अध्यक्ष और एसडीएम ने बच्चों को पिलाई खुराक, किया शुभारंभ

*फरसगांव ब्लॉक में **10,611** बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य*

*141 बूथों पर तैनात रहे **286** कर्मचारी*



*__फरसगांव।__ राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र एवं एसडीएम अश्वसन कुमार पूसाम ने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियोरोधी दवा की दो बूंदें पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं स्वास्थ्य अधिकारियों ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों को नजदीकी पोलियो बूथों पर ले जाकर अनिवार्य रूप से पोलियो की खुराक दिलाएं। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. ज्योतिर्मयी प्रभावती ने बताया कि ब्लॉक में कुल 143 पोलियो बूथ बनाए गए हैं, जहां 286 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इस अभियान के तहत 10 हजार 611 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि यदि कोई बच्चा पहले दिन दवा पीने से वंचित रह जाता है, तो स्वास्थ्य विभाग की टीमें अगले दिन घर-घर जाकर उसे पोलियो की दवा पिलाएंगी, ताकि कोई भी बच्चा इस अभियान से छूट न जाए। इस दौरान नगर पंचायत सीएमओ मयंक बसन्तवानी, बीटीओ एम.आर. बघेल, एन.एल. नेताम, सुपरवाइजर राजेंद्र कुमार राणा, महंगु राम नेताम सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।*

### नगरपंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष, पार्षदों ने पिलाई पल्स पोलियो की खुराक

*__केशकाल।__ छत्तीसगढ़ समेत पूरे देश में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जा रही है। नगर पंचायत अध्यक्ष बिहारी लाल शोरी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष भूपेश सिन्हा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी देवेश चंदेल व पार्षदों की अगुवाई में बच्चों को पोलियो की खुराक दी गई। यह खुराक बच्चों को पोलियो वायरस से बचाने और भारत को पोलियो मुक्त बनाए रखने के लिए बहुत जरूरी है। इस अवसर नगर पंचायत अध्यक्ष बिहारी लाल शोरी ने लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि जन्म से 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की 'दो बूंद जिंदगी की' अवश्य पिलाएं। क्योंकि पोलियो मुक्त भारत की इस ऐतिहासिक उपलब्धि को बनाए रखने तथा हर बच्चे के स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य के लिए प्रत्येक नागरिक का सहयोग अत्यंत आवश्यक है।*



## विधायक टेकाम ने किया विद्युत उपकेंद्र निर्माण कार्य का निरीक्षण

**केशकाल।** क्षेत्रवासियों को बेहतर एवं निर्बाध विद्युत सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विधायक नीलकंठ टेकाम लगातार धरातल पर उतरकर विकास कार्यों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने केशकाल-जामगांव प्रस्तावित 132/33 केवी विद्युत उपकेंद्र के निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण कर कार्य की प्रगति, गुणवत्ता एवं समय-सीमा का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए गए कि 31 अगस्त 2026 तक निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य पूर्ण किया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को शीघ्र बेहतर एवं विश्वसनीय विद्युत सुविधा का लाभ मिल सके। इस अवसर पर जिला महामंत्री कोंडागांव विजय पोया एवं केशकाल मंडल अध्यक्ष लंबोदर सलाम उपस्थित रहे।



## कुरुषनार में विधिक जागरुकता शिविर, ग्रामीणों को बताए कानूनी अधिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

ग्राम पंचायत कुरुषनार में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष खिलावन राम रिगरी की पहल पर विधिक साक्षरता एवं जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना था। कार्यक्रम में महिलाओं के अधिकार, घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, बाल विवाह प्रतिषेध, पॉक्सो अधिनियम, वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार, एससी–एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम, साइबर अपराध से बचाव, निःशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत, मोटर दुर्घटना दावा एवं श्रम कानूनों की विस्तृत जानकारी दी गई।



### कानून की जानकारी से होगा सशक्त समाज का निर्माण

*प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश खिलावन राम रिगरी ने कहा कि कानून की जानकारी प्रत्येक नागरिक, विशेषकर महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए आवश्यक है। उन्होंने जरूरतमंद लोगों से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क विधिक सहायता लेने की अपील की। शिविर में ग्रामीणों के प्रश्नों का समाधान किया गया तथा साइबर ठगी, नशाखोरी, घरेलू हिंसा, बाल विवाह, मानव तस्करी सहित विभिन्न सामाजिक कुरीतियों से बचाव के संबंध में जागरूक किया गया।*

## पेज 09 के शेष

### *प्याज के बढ़े दाम ने...*

*रहे हैं। आम आदमी की रसोई का जायका खत्म हो जाएगा। गृहणियों ने बताया कि जिस तरह प्याज के भाव बढ़ रहे हैं, उससे उनके रसोई का बजट बिगड़ रहा है। प्याज का दाम कम होने के बजाय और बढ़ने की संभावना है, अगर प्याज की आवक सही नहीं हुई तो प्याज की कीमत बढ़ सकती है।*

### *सादगी और सहजता...*

*इसके लिये बस्तरवासी, व्यापारी वर्ग प्रशंसा करते हमेशा याद करेगा। आईजी पी. सुन्दरराज ने सभी का आभार व्यक्त करते धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ उपाध्यक्ष विमल बोथरा उपाध्यक्ष कमल सेठी, राजकुमार दण्ड़वानी, मो. ईरशाद खान महामंत्री नवरतन जलोटा, कोषाध्यक्ष एम. श्रीधर राव मद्दी मंत्री दीपक भानुशाली, पूर्व अध्यक्ष पुखराज बोथरा, भंवर बोथरा, ऋषि हेमाणी मनीष शर्मा, वरिष्ठ सदस्य योगेन्द्र पांडे, श्रीचंद लुनिया, गौतम लुंकड़, राजेन्द्र पांडे, सुनील जैन जयन्ति भाई सोनी, जशराज बाफना, गोपाल भूरा, हसन कपाडिया, मोहर झा, एन.आर. कर शंकरलाल गुप्ता, विजय हेलीवाल, सूरज कश्यप सहित अन्य उपस्थित थे।*

### बस्तर सांस्कृतिक साहित्य एवं कला परिषद की जिला स्तरीय बैठक

# बस्तर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाना और कलाकारों को एक साझा मंच उपलब्ध कराना उद्देश्य

### संगठन को अधिक सुदृढ़ एवं सक्रिय बनाने की रणनीति पर भी चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

बस्तर की सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण, संवर्धन और प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से गठित बस्तर सांस्कृतिक साहित्य एवं कला परिषद की जिला स्तरीय बैठक रविवार को नगर पंचायत फरसगांव के सामुदायिक भवन में आयोजित की गई। बैठक में जिला पदाधिकारियों के साथ विभिन्न विधाओं से जुड़े कलाकारों और साहित्यकारों ने भाग लिया।

बैठक में संगठन को अधिक सुदृढ़ एवं सक्रिय बनाने की रणनीति पर चर्चा की गई। साथ ही परिषद से अब तक नहीं जुड़े कलाकारों की पहचान कर उन्हें सदस्यता दिलाने की कार्ययोजना तैयार की गई। आगामी सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं कला संबंधी कार्यक्रमों की रूपरेखा और आयोजनों पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। संगठन के मीडिया प्रभारी एवं संयोजक ने बताया कि परिषद का उद्देश्य बस्तर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाना और स्थानीय कलाकारों को एक साझा मंच उपलब्ध कराना है।



**ये रहे उपस्थित** | बैठक में जिलाध्यक्ष , महासचिव , सचिव , जिला संयोजक तथा संगठन प्रभारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# मेटल डिटेक्टर से जांच के बाद मिला परीक्षा देने के लिए प्रवेश

### पीएटी और पीवीपीटी प्रवेश परीक्षा में 697 परीक्षार्थी हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल के प्री-एग्रीकल्चर, प्री-वेटेरिनरी पॉलिटेक्निक टेस्ट प्रवेश परीक्षा रविवार को कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हो गई। कलेक्टर आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में परीक्षा शांतिपूर्ण रही। शहर में चार परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जिनमें शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर कॉलेज धरमपुरा, शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय धरमपुरा, शासकीय दन्तेश्वरी स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय शांति नगर और शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल शामिल थे। परीक्षा के लिए कुल 933 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 697 परीक्षार्थियों की उपस्थिति और 236 अनुपस्थित रहे। सुबह 10 बजे से दोपहर 1:15 बजे तक हुई परीक्षा में कड़े सुरक्षा नियम लागू किए गए थे।

### ये अधिकारी रहे मुस्तैद

*डिप्टी कलेक्टर मनीष कुमार वर्मा, परीक्षा समन्वय डॉ. अनिल श्रीवास्तव और सहायक समन्वयक डॉ. अजय सिंह ठाकुर मुस्तैद रहे।*

## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलटा, चालक की मौत

**नगरी।** सिहावा थाना क्षेत्र के गढ़ियापारा में शनिवार को एक सड़क हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई, जबकि एक नाबालिग घायल हो गया। घायल का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस के अनुसार ट्रैक्टर पंडरीपानी से भीतररास की ओर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गया। हादसे में चालक ट्रैक्टर के नीचे दब गया, जबकि साथ में मौजूद एक नाबालिग ट्रॉली की चपेट में आकर घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत दोनों को बाहर निकालने का प्रयास किया। चालक को गंभीर चोटें आई थीं और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान सुमन मरकाम पिता गुलाल मरकाम के रूप में हुई है। घायल नाबालिग को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। घटना की सूचना मिलने पर सिहावा पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। हादसे के दौरान चालक के सिर और शरीर के बाएं हिस्से में गंभीर चोटें आई थीं। हालांकि मौत के कारणों की अंतिम पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही होगी।

### एक्सपायरी कोल्ड ड्रिंक्स का सुरक्षित निबटान

**धमतरी।** सिहावा चौक के समीप शनिवार को बड़ी मात्रा में एक्सपायरी कोलड्रिंक्स का निर्धारित प्रक्रिया के तहत निस्तारण किया गया। मौके पर विभिन्न कंपनियों के सैकड़ों पेय पदार्थों की बोतलों को कंपनी के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में नष्ट किया गया। ट्रेडर्स के संचालक ने बताया कि उनकी फर्म पेय पदार्थों की डीलर है तथा विभिन्न कंपनियों के उत्पादों की आपूर्ति कंपनी के माध्यम से होती है। निर्धारित अवधि पूरी होने के बाद एक्सपायरी हो चुके उत्पादों को बाजार में बेचना नियमों के विरुद्ध है। इसलिए कंपनी की नीति के अनुसार चेकर की निगरानी में सभी उत्पादों का सुरक्षित तरीके से डिस्पोज किया गया। हालांकि एक साथ बड़ी संख्या में एक्सपायरी पेय पदार्थों के भंडारण और निस्तारण को लेकर स्थानीय लोगों में चर्चा रही।

### निधन

#### नितिश दुबे

**जगदलपुर।** प्रतापदेव वार्ड निवासी युवा ट्रांसपोर्ट कारोबारी नितिश दुबे



(32) का विशाखापटनम में उपचार के दौरान निधन हो गया। वे असीम दुबे के पुत्र और मंडी अध्यक्ष अभय दुबे के भतीजे थे। उनकी अंतिम यात्रा गृह निवास से रविवार की सुबह 11 बजे मुक्तिधाम के लिए निकली। वे भरा पूरा परिवार छोड़ गए।

# ग्रामीण जान जोखिम में डालकर पहुंचते हैं बारसूर बाजार, आज तक नहीं बना पुल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गीदम

सरकार की प्राथमिकता सूची में गांवों को शहर से जोड़ने के लिए पुल, पुलिया और सड़क निर्माण शामिल है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। गीदम ब्लॉक के बारसूर से लगे हिटामेटा पंचायत के आश्रित गांव झिटकीपारा के लोग आज भी बुनियादी सुविधा के लिए भटक रहे हैं। हिटामेटा पंचायत के बीच से बहने वाली माडर नदी पर आज तक पुल का निर्माण नहीं हो सका है। हर साल बारिश के मौसम में ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बारिश में नदी उफान पर आ जाती है और झिटकीपारा से बारसूर व जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा तक पहुंचने का रास्ता लगभग बंद हो जाता है।

ग्रामीणों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए बारसूर बाजार जाना पड़ता है। नदी में पुल न होने से लोग जान जोखिम में डालकर नदी पार करते हैं। 1 किमी की दूरी के लिए ग्रामीणों को 10 किलोमीटर से ज्यादा का चक्कर लगाकर बारसूर और जिला मुख्यालय जाना पड़ता है। इससे समय और पैसे दोनों की बर्बादी होती है। इस इलाके के ज्यादातर लोग खेती पर निर्भर हैं। खेतों में काम करते वक्त अक्सर ग्रामीण सांप के काटने का शिकार हो जाते हैं। लेकिन न तो गांव तक सड़क है और न ही नदी पार करने के लिए पुलिया। ऐसे में एंबुलेंस भी गांव तक नहीं पहुंच पाती। प्रसव के लिए महिलाओं को भी जान जोखिम में डालकर अस्पताल ले जाना पड़ता है।

प्रभुनाथ कश्यप और भुनेश मंडावी ने बताया कि पुल न होने से पूरा गांव बारिश में टापू बन जाता है। हिटामेटा पहाड़ी इलाका है, थोड़ी सी बारिश में ही पंचायत का संपर्क टूट जाता है। पुल निर्माण के लिए ग्रामीण कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सरकारी अधिकारियों से गुहार लगा चुके हैं, लेकिन आज तक सिर्फ आश्वासन ही मिला है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर माडर नदी पर पुल बन जाए तो शिक्षक समय पर स्कूल पहुंचेंगे और बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल सकेगी। पुल बनने से झिटकीपारा समेत एक दर्जन से अधिक गांवों के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा।

**आजादी के बाद भी पुल को तरस रहा झिटकीपारा**



**बारसूर-पल्ली सड़क पर बढ़ी परेशानी**

ग्रामीणों ने बताया कि पिछले साल की बारिश में बारसूर-पल्ली सड़क पर बना पुल भी क्षतिग्रस्त हो गया है। इस कारण इस बार आवागमन में और ज्यादा दिक्कत हो सकती है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से जल्द पुल निर्माण की मांग की है ताकि उन्हें हर साल जान जोखिम में डालकर सफर न करना पड़े।

## पीएम के मन की बात में 'आत्मनिर्भर भारत' की गूंज

# मरईगुड़ा पहुंचे मंत्री, सरपंच के घर आंगन में सुनी मन की बात

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सुकमा

सरकारी मंचों से अलग इस बार सुकमा जिले के मरईगुड़ा गांव में एक आत्मीय तस्वीर देखने को मिली। वन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप सीधे मरईगुड़ा पहुंचे, जहां छोटे से गांव में ग्रामीणों, मातृशक्ति और बच्चों के साथ बैठकर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 135वें संस्करण का सामूहिक श्रवण किया। कार्यक्रम के बाद मंत्री ने ग्रामीणों से सहज चर्चा की और उनकी बातों को भी गंभीरता से सुना।

- प्रधानमंत्री का हर संदेश समाज को सकारात्मक दिशा देने वाला जनआंदोलन

इस अवसर पर वन मंत्री ने कहा कि मन की बात अब केवल रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव का जनआंदोलन बन चुका है। यह मंच उन लोगों को देशभर में पहचान दिलाता है, जो निस्वार्थ भाव से समाज, पर्यावरण, शिक्षा, स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण और राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी तकनीक, वैज्ञानिक सोच, नवाचार और जनभागीदारी को विकसित भारत की सबसे बड़ी ताकत बताया। स्वदेश में निर्मित सी-295 सैन्य परिवहन विमान का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है और यह हर देशवासी के लिए गर्व की बात है।



**अंधविश्वास छोड़ें, नवाचार अपनाएं**

केदार ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना सहित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की अपील करते हुए कहा कि वैज्ञानिक सोच अपनाकर अंधविश्वास से दूर रहना और नवाचार को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि विकसित भारत का सपना तभी पूरा होगा, जब हर नागरिक अपने गांव, समाज और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी निभाए। स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता और आत्मनिर्भरता को जीवन का हिस्सा बनाकर ही देश को नई दिशा दी

**सादगी की मिसाल**

मंत्री केदार कश्यप का मरईगुड़ा की सरपंच सपना के साधारण आवास पर पहुंचकर ग्रामीणों के बीच जमीन पर बैठना और मन की बात सुनने के बाद उनसे खुलकर संवाद करना कार्यक्रम का सबसे आत्मीय और चर्चित पहलू रहा। यह दृश्य जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों के बीच सीधे संवाद की मिसाल बनकर सामने आया।

# एनसीसी शिविर पहुंचे ब्रिगेडियर पात्रा, कैडेटों से किया संवाद



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भोंड

छत्तीसगढ़ गर्ल्स एनसीसी बटालियन ने परचनपाल में आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के दौरान रायपुर ग्रुप एनसीसी के ग्रुप कमांडर, ब्रिगेडियर डी. के. पात्रा ने शिविर का दौरा किया। उनके आगमन पर एनसीसी कैडेटों ने उन्हें सुसज्जित गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान कर सैन्य परंपराओं के अनुरूप स्वागत किया।

- एनसीसी प्रशिक्षण शिविर का ग्रुप कमांडर ने किया निरीक्षण

शिविर कमांडेंट ने ग्रुप कमांडर को शिविर की रूपरेखा, विभिन्न प्रशिक्षण गतिविधियों, प्रशासनिक व्यवस्थाओं, सुरक्षा प्रबंधों तथा शिविर में संचालित अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। इसके उपरांत उन्होंने शिविर परिसर का निरीक्षण कर विभिन्न प्रशिक्षण स्थलों का अवलोकन किया तथा कैडेटों के साथ संवाद किया।

ब्रिगेडियर डी. के. पात्रा ने कैडेटों से अनुशासन, राष्ट्रभक्ति, नेतृत्व क्षमता तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक एनसीसी कैडेट को एक आदर्श नागरिक बनकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन का वाहक तथा राष्ट्रीय कैडेट कोर का सशक्त ब्रांड एम्बेसडर बनना चाहिए। उन्होंने कैडेटों की कठिन परिस्थितियों में भी सीखने की लगन, अनुशासन, अथक परिश्रम तथा निरंतर स्वयं को बेहतर बनाने की भावना की सराहना की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यही गुण भविष्य में उन्हें उत्कृष्ट नागरिक एवं सक्षम नेतृत्वकर्ता के रूप में स्थापित करेंगे। उनके उत्साहवर्धक शब्दों से सभी कैडेट अत्यंत प्रेरित एवं उत्साहित दिखाई दिए। ग्रुप कमांडर ने विशेष रूप से बस्तर अंचल की बालिका कैडेटों की प्रतिभा, आत्मविश्वास एवं दृढ़ संकल्प की प्रशंसा करते हुए कहा कि एनसीसी प्रशिक्षण उन्हें नेतृत्व, आत्मरक्षा, साहस, टीम भावना, व्यक्तित्व विकास तथा राष्ट्र सेवा के लिए सशक्त मंच प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि बस्तर की बेटियां अपनी मेहनत और समर्पण से न केवल अपने जिले और राज्य, बल्कि पूरे देश का गौरव बढ़ाने की क्षमता रखती हैं। शिविर में सैन्य प्रशिक्षण के साथ-साथ शारीरिक दक्षता, ड्रिल, हथियार प्रशिक्षण, व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता, सामुदायिक सेवा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, महिला सुरक्षा, आपदा प्रबंधन तथा राष्ट्रीय एकता से संबंधित विविध गतिविधियों का प्रभावी प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस प्रकार का प्रशिक्षण कैडेटों में आत्मविश्वास, अनुशासन, सेवा-भाव और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# शोक संतप्त परिवार से मिले प्रभारी मंत्री, बंधाया ढांढस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सुकमा



वन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप रविवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष पवन सिद्दू के निवास पहुंचे। उन्होंने पवन सिद्दू के दिवंगत पिता स्वर्गीय अनिल कुमार सिद्दू के चित्रपट पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद मंत्री उन्होंने स्वर्गीय अनिल कुमार सिद्दू के व्यक्तित्व और उनके सामाजिक योगदान को स्मरण करते हुए शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की। उन्होंने परिवार के सदस्यों का कुशलक्षेम जाना और इस कठिन समय में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

मंत्री ने कहा कि स्वर्गीय अनिल कुमार सिद्दू का स्नेह, सरल स्वभाव और समाज के प्रति उनका समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा। उनके बताए आदर्श और जीवन मूल्य आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बने रहेंगे। इस दौरान उन्होंने कुछ समय तक परिवारजनों एवं उपस्थित कार्यकर्ताओं के साथ बैठे और सहज वातावरण में चर्चा की। उन्होंने परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर पदाधिकारी, युवा मोर्चा के कार्यकर्ता तथा उपस्थित रहे। श्रद्धांजलि सभा का माहौल पूरी तरह श्रद्धा, संवेदना और आत्मीयता से ओत-प्रोत रहा।

**153 ग्रामीणों में से 73 की विशेष लैब जांच**

# कमर, घुटने का दर्द, गठिया, सर्वाइकल एवं हड्डियों के मरीजों की जांच और उपचार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

एस.बी.आई. फाउंडेशन के सहयोग एवं परिवर्तन समाज विकास समिति द्वारा संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट के तत्वावधान में ग्राम पंचायत करमरी में निःशुल्क अस्थि रोग निवारण शिविर का आयोजन किया गया। कुल 153 ग्रामीणों ने स्वास्थ जांच एवं परामर्श का लाभ प्राप्त किया। इनमें से 73 हितग्राहियों का विशेष लैब जांच भी की गई। शिविर में अस्थि एवं जोड़ संबंधी समस्याओं से पीड़ित ग्रामीणों का विशेषज्ञ चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा उन्हें निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। इस दौरान कमर दर्द, घुटने का दर्द, गठिया, सर्वाइकल एवं अन्य हड्डी संबंधी रोगों की जांच कर उचित उपचार की सलाह दी गई। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को हड्डियों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए नियमित व्यायाम, संतुलित एवं पौष्टिक आहार, कैल्शियम एवं विटामिन-डी युक्त भोजन के सेवन तथा समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान सरपंच मिलन बघेल, उपसरपंच रामेश्वर दीवान, सचिव पीला नाथ मौर्य, पंच फूल चंद मौर्य, रोजगार सहायक गजेंद्र मौर्य, मितानिन फूलमती सेठिया, देवकी मौर्य, कमला बघेल, खिरमानी कश्यप, उमा बघेल डॉ परवेश मिश्रा , डॉ नूर आलम समेत अन्य मौजूद रहे।

**न्यायालय तहसीलदार भानपुरी, जिला बस्तर (छ.ग.)**
क्रमांक/क/तह./ जन्म-मृत्यु/2026
भानपुरी दिनांकः 15/06/2026

**//उद्घोषणा//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है। कि आवेदक सनतराम पिता सिबोराम जति गोंड निवासी ग्राम गोडियापाल तहसील भानपुरी के द्वारा अपने मां निरबती पति सिबोराम की जन्म/मृत्यु दिनांक 26/01/2019 को होना बताते हुए जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि 30/06/2026 तक आपत्ति पेश कर सकते है। म्याद पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीक मुद्रा सहित जारी किया।

मुहर
तहसीलदार
भानपुरी

**न्यायालय तहसीलदार भानपुरी, जिला बस्तर (छ.ग.)**
क्रमांक/क/तह./ जन्म-मृत्यु/2026
भानपुरी दिनांकः 22/06/2026

**//उद्घोषणा//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है। कि आवेदक चैनू मण्डावी पिता स्व.सुकमन मण्डावी जति गोंड निवासी ग्राम गोडियापाल तहसील भानपुरी के द्वारा अपने पिता सुकमन मण्डावी पिता खोड़ीया मण्डावी की जन्म/मृत्यु दिनांक 23/07/2017 को होना बताते हुए जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि 07/07/2026 तक आपत्ति पेश कर सकते है। म्याद पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीक मुद्रा सहित जारी किया।

मुहर
तहसीलदार
भानपुरी

# नशामुक्त समाज के लिए गूंजे नारे, फारेस्ट नाका से बारसूर चौक तक निकली रैली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गीदम



जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा में आमजन को साइबर अपराधों से बचाने और नशा मुक्ति का संदेश देने के लिए थाना गीदम पुलिस ने चलित थाना के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। गीदम क्षेत्र और साप्ताहिक बाजार में साइबर जागरूकता एवं सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम चलाया गया। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन के मार्गदर्शन, एसडीओपी बारसूर गोविंद दीवान के पर्यवेक्षण एवं थाना प्रभारी गीदम निरीक्षक अमित बेरिया के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

- पुलिस और गायत्री परिवार की नशामुक्ति रैली

पुलिस मुख्यालय नया रायपुर के निर्देश पर चल रहे नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अभियान के तहत ग्रामीणों को नशे के सामाजिक, आर्थिक और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए थाना गीदम ने गायत्री परिवार के साथ मिलकर जागरूकता रैली निकाली। गीदम फारेस्ट नाका से बस स्टैंड, हारम चौक होते हुए बारसूर चौक तक निकाली गई इस रैली में करीब 200 लोगों ने हिस्सा लिया। रैली के माध्यम से आम जनता को नशा छोड़ने और दूसरों को भी प्रेरित करने का संदेश दिया गया।

पुलिस मुख्यालय के आदेश के पालन में सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों के बीच सामंजस्य बढ़ाना, अपराध नियंत्रण, नशा उन्मूलन, महिला-बाल सुरक्षा, साइबर जागरूकता, यातायात सुरक्षा और पुलिस-जन संवाद को बढ़ावा देना था। इसके तहत 5 प्रमुख कार्यक्रम हुए। महिला एवं बाल सुरक्षा पर जागरूकता, ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, ओटीपी फ्रॉड से बचाव की जानकारी, मादक पदार्थों के खिलाफ जागरूकता, यातायात नियमों की जानकारी की जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को साइबर अपराधों से बचाव के तरीके बताए। ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, ओटीपी साझा करने के खतरे और बैंकिंग धोखाधड़ी से बचने के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। लोगों से कहा गया कि किसी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और अपनी निजी जानकारी किसी से साझा न करें।

**चलित थाना में सुनी गई शिकायतें**

चलित थाना के दौरान ग्रामीणों से ट्रैफिक संबंधी शिकायतें प्राप्त हुईं। पुलिस ने उन्हें यातायात नियमों की जानकारी दी और आपसी समझौते से कई मामलों का निराकरण कराया। स्थानीय लोगों को अपराधों से दूर रहने और कानून का पालन करने की समझाइश दी गई। कार्यक्रम में लगभग 100 ग्रामीणों ने भाग लिया। लोगों ने पुलिस की इस पहल को उपयोगी बताया और कहा कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम होते रहने चाहिए।

**इनकी रही अहम भूमिका**

कार्यक्रम में एसआई राम कुमार श्याम, सहायक उप निरीक्षक अनिल धुर्वे, महिला प्रधान आरक्षक ललिता ध्रुव, प्रधान आरक्षक नथलू कवासी, दुखुराम पद्माकर, आरक्षक राजमान नाग, महिला आरक्षक लक्ष्मी कश्यप एवं रेशमी कँवर उपस्थित रहे।

कृषि जमीन बेचना है
दंतेवाड़ा जिला अंतर्गत ग्राम गंजेनार घुमकापारा में 3 एकड़ 10 डिसमिल तथा गंजेनार गढ़मिरी रोड में 9 एकड़ 87 डिसमिल कृषि भूमि बेचना है। इच्छुक खरीददार ही संपर्क करें।
मोबाईल नम्बर- 8815092494

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पांडिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
9 सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
9 सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### आईआईटी मद्रास जाएंगे बस्तर के 25 छात्र

**जगदलपुर।** आईआईटी मद्रास में अगले माह 13 से 24 जुलाई के बीच होने वाले सेमीकंडक्टर स्किलिंग प्रोग्राम में प्रशिक्षण के लिए शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय द्वारा 25 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। गत सप्ताह विश्वविद्यालय में आयोजित योग्यता परीक्षा में प्राप्त अंकों के गुणानुक्रम के आधार पर 16 छात्राएं एवं 9 छात्र चयनित हुए हैं। चयन परीक्षा में कुल 25 विद्यार्थियों में बस्तर, दंतेवाड़ा, कोंडागांव, कांकेर, नारायणपुर और बीजापुर जिले के स्टूडेंट्स शामिल हैं। इससे पहले बुधवार को आयोजित योग्यता परीक्षा में कुल 265 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था जिसमें 136 छात्राएं और 110 छात्र थे। कुलपति प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के स्टूडेंट्स आईआईटी मद्रास में सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में ट्रेनिंग प्राप्त करने वाले छत्तीसगढ़ के पहले विश्वविद्यालय के विद्यार्थी होंगे। ये प्रशिक्षित स्टूडेंट्स सेमीकंडक्टर चिप के निर्माण उद्योग में सीधे रोजगार प्राप्त कर सकेंगे। प्रो. श्रीवास्तव ने कहा कि बस्तर संभाग के विद्यार्थियों के लिए यह प्रशिक्षण सुनहरा अवसर है। इससे विद्यार्थियों में न केवल तकनीकी कौशल का विकास होगा बल्कि वे प्रदेश और देश में सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री में योगदान देकर बस्तर का नाम रोशन करेंगे। यह जनजातीय अंचल के लिए बड़ी उपलब्धि भी होगी। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ शासन ने छत्तीसगढ़ स्टेट उद्योग डेवलपमेंट कॉपोरेशन के द्वारा नवा रायपुर और राजनांदगांव में 1145 करोड़ की लागत से सेमीकंडक्टर मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट स्थापित करने का निर्णय लिया है। यह इंडस्ट्री दिसंबर 2026 तक प्रारंभ हो जाएगी। इसमें 5जी और 6जी टेक्नोलॉजी की सेमीकंडक्टर चिप तैयार किए जाएंगे। आईआईटी मद्रास से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद विश्वविद्यालय के इन स्टूडेंटस को इन यूनिटों में रोजगार दिलाने का प्रयास भी विश्वविद्यालय द्वारा किया जा रहा है।

### बेडागुड़ा में घर-घर पिलाई पोलियो दवा



**तोकापाल।** ग्राम पंचायत बेडागुड़ा में पल्स पोलियो अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का संकल्प लिया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घर-घर और बूथों पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई। अधिकारियों ने अभिभावकों से अपने सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य दिलाने की अपील की। अभियान का उद्देश्य बच्चों को पोलियो मुक्त एवं स्वस्थ भविष्य प्रदान करना है।

# बूथ स्तर पर मजबूत होगा संगठन, घर-घर पहुंचेगी सरकारी योजनाएं

## नगरनार और कोपागुड़ा शक्ति केंद्र की बैठक, संगठन मजबूती पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भाजपा नगरनार मंडल के नगरनार और कोपा गुड़ा शक्ति केंद्र की मासिक बैठक संपन्न हुई। केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने तथा संगठन को बूथ स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने पर चर्चा की गई। मुख्य वक्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष सिमांचल दास ने प्रधानमंत्री आवास, महतारी वंदन, स्वास्थ्य बिमा कार्ड, उज्वला गैस कनेक्शन, निःशुल्क राशन सहित शासकीय योजनाओं की जानकारी देते हुए इनके लाभ आम जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया।

मंडल महामंत्री राजेश शर्मा ने मोदी के 12 साल पूरे होने पर उनके द्वारा किए गए कार्य राम मंदिर निर्माण, कश्मीर से 370 हटाएं, महिलाओं तीन तलाक हटने जैसे विभिन्न कार्यकाल के विषय में बताया। मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान के तहत सभी कार्यकतार्ओं से बूथ स्तर तक पहुंचकर सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने तथा प्रत्येक माह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को बूथ स्तर पर सामूहिक रूप से सुनने का आग्रह किया। किसान मोर्चा अध्यक्ष घनश्याम सेठिया ने किसानों को मिलने वाले किसान निधि, फसल बीमा योजना प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान में 3100 रुपए में खरीदी से लेकर किसानों को मिलने वाले लाभ के विषय में जानकारी दी। मंच संचालन मंडल मंत्री सुरेश ठाकुर ने किया।



### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर उपाध्यक्ष मोहन सेठिया, अनुसूचित जाति अध्यक्ष बाबू लाल कश्यप, चिंगडूराम बघेल, रामचंद बघेल सरपंच वासुदेव गोयल, बबलू नाग, रामप्रसाद गोयल, मोहन नाईक, तिरुपति नागेश, उमेश नाग , तुलाराम सेठिया, मेहत्तर नाग जगदीश कश्यप,लक्ष्मिन भारती, राजेन्द्र पटेल, गणेश गोयल, शंकर कश्यप अनील नाग, मानसिंह कश्यप, परसूराम पटेल हरिबंधू कश्यप सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## कलेक्टर व एसपी की पहल पर इन्द्रावती की धाराओं में गढ़ रहे नई पहचान

# ओलम्पिक खेल क्याकिंग-कैनोइंग का प्रशिक्षण ले रहे बस्तर के युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर के युवाओं की रूचि ओलंम्पिक खेल क्याकिंग-कैनोइंग के प्रति बढ़ती जा रही है। दर्जनों युवा इन दिनों इन्द्रावती नदी की धाराओं में अलग पहचान बनाने प्रयासरत है। युवाओं के लिए यह प्रशिक्षण विशेष रूप से उपयोगी सिद्ध हो रहा है।

- सेना, बस्तर फाइटर, पुलिस एवं अर्धसैनिक बलों में जाने तैयारी कर रहे युवा, ले रहे प्रशिक्षण

बस्तर के युवाओं को खेलों के माध्यम से नई दिशा देने की दिशा में जिला प्रशासन और बस्तर पुलिस की एक अभिनव पहल सामने आई है। बस्तर कलेक्टर आकाश छिकारा की पहल एवं मार्गदर्शन तथा एसपी शलभ कुमार सिन्हा के आह्वान पर लालबाग में बस्तर फाइटर, सेना भर्ती, पुलिस एवं अर्धसैनिक बलों की तैयारी कर रहे युवा अब ओलंपिक खेल क्याकिंग एवं कैनोइंग से जुड़ रहे हैं। इंद्रावती नदी के पुराने पुल के नीचे प्रतिदिन आयोजित प्रशिक्षण में युवाओं का उत्साह लगातार बढ़ रहा है। यह पहल युवाओं को रोजगार की तैयारी के साथ-साथ खेलों के क्षेत्र में भी नई पहचान बनाने का अवसर प्रदान कर रही है।

बस्तर के युवाओं में साहस, अनुशासन, संघर्षशीलता और कठिन परिस्थितियों में बेहतर प्रदर्शन करने की अद्भुत क्षमता है। इन्हीं गुणों को नई दिशा देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन युवाओं को ऐसे ओलंपिक खेलों से जोड़ रहा है जिनमें राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने की व्यापक संभावनाएं हैं। क्याकिंग एवं कैनोइंग ऐसा ही एक खेल है जिसमें समर्पण और नियमित अभ्यास के बल पर कम समय में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जा सकता है।

एसपी के आह्वान पर लालबाग मैदान में बस्तर फाइटर एवं सेना भर्ती की तैयारी कर रहे बड़ी संख्या में युवा इस प्रशिक्षण से जुड़ रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान बस्तर फाइटर एवं सेना भर्ती के प्रभारी हेम सिंह नेगी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए नियमित अभ्यास, अनुशासन और समर्पण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### नया बस्तर, नया खेल, नई पहचान के संकल्प को कर रहे साकार

खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहयोग से प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। अभियान में जिला खेल अधिकारी सुशांत पॉल का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है। वहीं क्याकिंग एवं कैनोइंग के प्रभारी डी कोटेश्वर राव नायडू के मार्गदर्शन तथा कोच अशोक साहू के तकनीकी प्रशिक्षण में खिलाड़ी जल सुरक्षा, नाव संचालन, पैडलिंग तकनीक, संतुलन और प्रतियोगी स्तर की बारीकियों का नियमित अभ्यास कर रहे हैं।

# बस स्टैंड में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के तहत रविवार को गीदम बस स्टैंड परिसर में उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारियों और सुपरवाइजरों की टीम ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई और समाज को जागरूक करने का संदेश दिया। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की उपस्थिति में अभियान का शुभारंभ हुआ। इस दौरान जनपद पंचायत उपाध्यक्ष दिनेश कौशल, पार्षद सूरज सिंह एवं अवधेश गुप्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर संग्राम सिंह, सेक्टर चिकित्साधिकारी डॉ. अतीक अंसारी, बी.ई.टी.ओ. महेंद्र कुमार बाचेला, सुपरवाइजर सरिता बाचेल, आर.पी. शर्मा, बल सिंह कोरसा, नूरजहां बेगम एवं बी.डी.ए. कमलेश विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों और स्वास्थ्य अधिकारियों ने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स पिलाकर इस राष्ट्रीय मुहिम की शुरुआत की। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम सजगता के साथ शामिल रही। अधिकारियों, सुपरवाइजरों और मैदानी अमले की मौजूदगी में बस स्टैंड जैसे व्यस्त मार्ग पर आने-जाने वाले यात्रियों और स्थानीय नागरिकों के बच्चों को कवर किया गया, जिससे कोई भी बच्चा इस सुरक्षा कवच से वंचित न रहे।

- जनप्रतिनिधियों और स्वास्थ्य अधिकारियों ने बच्चों को पिलाई दो बूंद जिंदगी की

समारोह के दौरान जनप्रतिनिधियों और स्वास्थ्य अधिकारियों ने आम जनता से अपील की कि वे अपने बच्चों को पोलियो की खुराक जरूर दिलाएं। उन्होंने कहा कि दो बूंद जिंदगी की देश को पोलियो मुक्त बनाए रखने के लिए हर नागरिक का एक मजबूत संकल्प है।



# नशामुक्ति जन-जागरण रैली में दिया स्वस्थ समाज का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

शांतिकुंज हरिद्वार एवं शक्तिपीठ दंतेवाड़ा के निर्देशन में गीदम में नशा मुक्ति जन-जागरण रैली का आयोजन किया गया। रैली का मुख्य उद्देश्य समाज को नशे के दुष्प्रभावों से जागरूक करना तथा नशामुक्त, स्वस्थ एवं संस्कारित समाज के निर्माण का संदेश देना था। रैली में युवा, महिलाएं, सामाजिक कार्यकर्ता और गायत्री परिवार के सदस्य शामिल हुए। हाथों में नशा मुक्ति के नारों वाली तख्तियां और बैनर लेकर लोगों ने पूरे नगर में भ्रमण किया। नशा नाश की जड़ है, भाई को भाई से लड़ाता है, शराब छोड़ो, दूध पियो, नशा मुक्त हो अपना देश जैसे नारों से गीदम की गलियां गूंज उठीं। वक्ताओं ने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को बर्बाद कर देता है।

नशे के कारण युवा पीढ़ी अपना भविष्य खराब कर रही है। आर्थिक नुकसान, घरेलू हिंसा और कई गंभीर बीमारियों की जड़ नशा ही है। उन्होंने सभी से अपील की कि वे खुद नशे से दूर रहें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। गायत्री परिवार के प्रतिनिधियों ने बताया कि गायत्री परिवार देशभर में नशा मुक्ति अभियान चला रहा है। इसका मकसद लोगों को व्यसन से मुक्त कराकर उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है। शक्तिपीठ दंतेवाड़ा भी क्षेत्र में लगातार सामाजिक चेतना के कार्य कर रहा है। रैली के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया नशा नहीं, नशामुक्ति चुनें, स्वस्थ, सुखी और संस्कारित समाज का निर्माण करें।

# कम से कम दो सदस्यों को अनिवार्य रूप से संगठन से जोड़े : राम ताटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बाला तराई पावर हाउस चौक में स्थित संघ कार्यालय में भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ की बैठक संपन्न हुई। संभागीय अध्यक्ष राम नारायण ताटी ने कहा पेंशनरों को अपने अधिकारों की रक्षा के लिए एक जुट होना अत्यंत जरुरी है । जब तक हम एक जुट नहीं होंगे तब तक मध्य प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49 ( 6 ) से हमे निजात नहीं मिलेगा और हमारा शोषण होता रहेगा । अब्दुल सत्तार खान को प्रदेश उपाध्यक्ष पद एवं शिव कुमार मिश्रा को प्रांतीय मंत्री के पद पर नियुक्त किए जाने पर मातृ शक्ति ने पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया।

- संघ कार्यालय में पेंशनर्स महासंघ की हुई बैठक

संगठन विस्तार के संबंध में यह निर्णय लिया गया कि जिस तरह संभाग के सभी जिलों में जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया उसी तरह ब्लॉक स्तर पर ब्लॉक बाड़ी का गठन किया जाना चाहिए। सदस्यता अभियान में तेजी लाने प्रत्येक पदाधिकारी को कम से कम दो सदस्यों को अनिवार्य रूप से संगठन से जोड़ने का निर्देश संभागीय अध्यक्ष ने दिया। यदि सभी ने कार्य में रुचि लेकर ऐसा किया गया तो निश्चित रूप से सदस्यता अभियान में तेजी आने के साथ संख्या में बढ़ोत्तरी होगी। लंबित 2 प्रतिशत महंगाई राहत के लिए सरकार पर प्रभावी दबाव बनाने के लिए पदाधिकारियों से चर्चा कर कारगर रणनीति के तहत धरना प्रदर्शन करने की आवश्यकता महसूस की गई ।

कार्यालयीन खर्च की व्यवस्था, नल, बिजली बिलों का भुगतान तथा भवन के रख रखाव के लिए प्रति सदस्य 500 वार्षिक सहयोग राशि लेने का निर्णय लिया। इस दौरान कार्यालय में फर्नीचर उपलब्ध कराने में आर्थिक सहायता प्रदान करने वालों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। संगठन के दिवंगत मातृ शक्तियों मीता मुखर्जी, आरती मुखर्जी एवं ललिता यादव के प्रति मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर किशोर कुमार जाधव, रमापति दुबे, एस डी माझी, गौतम आचार्य, राजेंद्र कुमार देवांगन, एम डी राठौर, अशोक रावत, बी एस नेताम, बी बी एस ठाकुर, नारायण राय सरोज साहू ,जया इशाक ,शुभ्रा कुंडू ,शीला ताराम , विमला ठाकुर, त्रिशिया झाड़ी, नम्रता दुबे एवं रामकुमारी नेताम मौजूद थे।

# संतुलित आहार एवं नियमित दिनचर्या अपनाने से व्यक्ति रहता है स्वस्थ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लोहंडीगुड़ा ब्लाक के ग्राम पंचायत चित्रकोट में सरपंच भंवर मौर्य की पहल एवं आयुर्वेद विभाग के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया, चिकित्सकों ने जांच कर दवाइयाँ दी। शिविर में मौसमी बीमारियों, जोड़ों के दर्द, पेट संबंधी समस्याओं, त्वचा रोग सहित विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं का परीक्षण कर उपचार किया। चिकित्सकों ने ग्रामीणों को आयुर्वेद आधारित स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, संतुलित आहार एवं नियमित दिनचर्या के महत्व की जानकारी दी।

- आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों ने उठाया लाभ

इस अवसर पर बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के पदाधिकारी शिविर में पहुँचे। उन्होंने भी स्वास्थ्य परीक्षण कराया और ग्रामीणों से स्वास्थ्य शिविर का लाभ लेने की अपील की। इस दौरान चित्रकोट विधानसभा अध्यक्ष कमल बघेल, ग्रामीण जिला महामंत्री संतु कश्यप, कार्यकर्ता गोपी सहित ग्रामीण उपस्थित रहे। सरपंच ने कहा कि ग्रामीणों को उनके गांव में ही स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। भविष्य में भी इस प्रकार के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएँ पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

## मौसमी बीमारियों के रोकथाम एवं उपचार पर दिया गया जोर

# किसी भी क्षेत्र में मौसमी बीमारी की सूचना पर तुरंत पहुंचेगी टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से किया गया। कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में आयोजित इस बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय बसाक ने जनकल्याणकारी गतिविधियों की समीक्षा की। इस वर्चुअल बैठक में सभी नोडल अधिकारी, जिला सलाहकार, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर, ब्लॉक डेटा मैनेजर, ब्लॉक अकाउंट्स मैनेजर, ब्लॉक एक्सटेंशन एजुकेटर और जिला व ब्लॉक स्तरीय प्रोग्राम मैनेजर्स शामिल हुए। बैठक के दौरान वर्तमान में मौसमी बीमारियों के रोकथाम एवं उपचार पर जोर देते हुए मैदानी अमले के माध्यम से सतत निगरानी रखे जाने के निर्देश दिए गए। वहीं किसी भी क्षेत्र में मौसमी बीमारी की सूचना पर तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए गए।

- स्वास्थ्य विभाग की मासिक बैठक में चर्चा और निर्णय

बैठक के एजेंडे के अनुसार स्वास्थ्य विभाग के सभी प्रमुख कार्यक्रमों के डेटा, बस्तर मुन्ने, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत 100 दिवसीय जांच एवं उपचार अभियान, टीबी मुक्त भारत अभियान, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बस्तर अभियान, मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान के 14वें राउंड, एचपीवी वैक्सीनेशन और पल्स पोलियो अभियान की अद्यतन स्थिति पर मंथन किया गया। समीक्षा के दौरान यह बात सामने आई कि मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बस्तर अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य स्क्रीनिंग के कार्यों में बस्तर जिले ने पूरे संभाग में अग्रणी भूमिका निभाई है। जिले में अब तक निर्धारित लक्ष्य के मुकाबले कुल 9,39,639 लोगों की स्वास्थ्य जांच पूरी की जा चुकी है, जो कुल लक्ष्य का 99.22 प्रतिशत है। इस अभियान के तहत चिन्हित किए गए संदिग्ध मरीजों में से 64.94 प्रतिशत मरीजों का इलाज भी किया जा चुका है।

### बस्तर जिला अव्वल

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत जिले में कार्ड निर्माण का कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है। जहां अब तक 94.7 प्रतिशत कवरेज हासिल करते हुए 7,80,818 आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं । वयोवंदना कार्ड योजना के माध्यम से जिले के 14,345 वरिष्ठ नागरिकों को लाभान्वित किया जा चुका है।

### प्रसव दर 104.9 प्रतिशत

मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी बस्तर जिला लगातार सुदृढ़ स्थिति में बना हुआ है। जिले में गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण के विरुद्ध संस्थागत प्रसव की दर 104.9 प्रतिशत दर्ज की गई है। जो विभिन्न उच्च स्तरीय सरकारी और निजी चिकित्सा केंद्रों में सुरक्षित प्रसव की बेहतर पहुंच को प्रमाणित करती है। चालू वित्तीय वर्ष में अब तक जिले में 3,372 जीवित बच्चों का जन्म दर्ज किया गया है और बच्चों के पूर्ण टीकाकरण का स्तर 77 प्रतिशत तक पहुंच चुका है।

### सिकलसेल एनीमिया उपचार लक्ष्य से अधिक

राष्ट्रीय कार्यक्रमों टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में बस्तर जिले ने अपने निर्धारित लक्ष्य से कहीं अधिक बढ़कर 22,864 टीबी जांचें की हैं। जो लक्ष्य का 187.98 प्रतिशत है। जिसमें मरीजों की सफलता दर 93.47 प्रतिशत रही है। इस अभियान के तहत जिले के 148 हाई-रिस्क गांवों में से 147 गांवों में जांच शिविरों का काम पूरा कर लिया गया है। सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन में भी लक्ष्य के मुकाबले 105 प्रतिशत (6,14,492) आबादी की स्क्रीनिंग की जा चुकी है जबकि चिरायु योजना के तहत आंगनबाड़ियों में बच्चों की स्क्रीनिंग दर 96 प्रतिशत तक पहुंच गई है। मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान के 14वें राउंड के तहत भी गांवों को कवर करने और विजिट प्लान के अनुसार निरंतर स्वास्थ्य सेवाएं देने की समीक्षा की गई।